<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–07 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- छठी बार अंडर–नाइन्टीन एक दिवसीय क्रिकेट विश्वकप विजेता बनी। भारतीय टीम। फाइनल मुकाबले में इंग्लैण्ड को सौ रनों से किया पराजित।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से की बातचीत। बड़े सपने देखने, निडर रहने और जीवनियों से प्रेरणा लेने की दी सलाह।
- निर्वाचन आयोग ने छः मार्च तक बढ़ाई प्रदेश में एसआईआर के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज करने की समय सीमा। दस अप्रैल को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची।
- भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली लखनऊ छावनी के एएमसी स्टेडियम में शुरू। सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के तेरह जिलों के अभ्यर्थी हो रहे शामिल।

**********

भारत ने छठी बार अंडर–नाइन्टीन एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप जीत लिया है। जिम्बाब्वे के हरारे में कल खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को सौ रन से हरा दिया। 412 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की टीम 311 रन पर ही सिमट गई। एक रिपोर्ट–

***वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की पारी की बदौलत भारत ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 411 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने 80 गेंद पर 15 चौके और 15 छक्कों की मदद से ताबडतोड 175 रन की पारी खेली। इस पारी के दौरान वैभव ने यूथ एकदिवसीय में सबसे तेज 71 गेंद पर 150 रन बनाने का कीर्तिमान अपने नाम किया। साथ ही वैभव का यह स्कोर किसी भी आईसीसी एकदिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल मैच का सबसे बडा स्कोर है। कप्तान आयुष म्हात्रे ने वैभव का साथ निभाते हुए 53 रन का योगदान दिया। भारत ने तीसरी बार अंडर–19 विश्वकप में चार सौ से अधिक रन बनाने का कीर्तिमान भी अपने नाम किया। इससे पहले भारत ने वर्ष 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब जीता था। समाचार कक्ष से प्रशांत कुमार।***

अंडर–नाइन्टीन विश्वकप जीतने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। कल जारी एक वीडियो में, प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव से निपटने के तरीकों पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने, निडर रहने और जीवनियों से प्रेरणा लेने को कहा।

***बायोग्राफी पढ़नी चाहिए जो भी सबका है उसके विषय में, कभी–कभी क्या होता है, हमारे सामने बड़े बने वही पता चलता है, लेकिन वो भी तो कभी छोटे थे। आज पीएम आपको मिला होगा, वो पीएम कभी तो छोटा होगा ना, तो हम जब बायोग्राफी पढ़ते हैं, तो लगता है नहीं यह बड़ा तो था, लेकिन पहले तो यहां था। फिर उसमें से आप को–रिलेट करोगे कि साहब मैं भी ऐसा ही हूं, यह तो मैं भी करता हूं। वही करते हैं, ऐसा नहीं है। फिर आपका विश्वास बढ़ेगा। हां–हां यहां से शुरू कर सकते हैं।***

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को दूसरों की नकल करने के बजाय, उन्हें मिलने वाली किसी भी सलाह में अपने अनुभव को जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

***पहली बात है आप अपनी जो पैटर्न है उस पर पूरा भरोसा करो। लेकिन जो पैटर्न के लिए सुझाव देते हैं उसे ध्यान से सुनो, समझने की कोशिश करो और उसमें आपको लगता है यार मेरी पैटर्न तो है लेकिन ये चीज मैं अगर जोड़ दूं तो अच्छा होगा। लेकिन किसी के कहने पर मत जोड़ो, अपने अनुभव से जोड़ो।***

प्रधानमंत्री ने शिक्षकों को प्रत्येक छात्र की सीखने की गति के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जीवन के हर पहलू में संतुलन आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि जीवन कौशल और व्यावसायिक कौशल दोनों के विकास पर छात्रों को ध्यान देना चाहिए।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ में छात्राओं के साथ 'परीक्षा पर चर्चा–2026'कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विद्यार्थियों से किया गया संवाद केवल परीक्षा कक्ष तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में स्थिर रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने सामर्थ्य पर विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है। प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाबदेवी ने कहा कि बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए प्रधानमंत्री की यह पहल बेहद सराहनीय है।

वहीं हापुड़ के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बाबूगढ़ में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखा गया। विद्यालय के शिक्षक रामानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा को उत्सव के रूप में मनाने की प्रेरणा दी है।

***प्रधानमंत्री जी द्वारा जो परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम हुआ निसंदेह वह बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा प्रणाली से जुड़ने का उसको उत्सव के रूप में मनाने का एक प्रयत्न था। प्रधानमंत्री जी ने यह कहा कि पढ़ाई के सिवाय अन्य गतिविधियां जिस विधा में आप माहिर हैं***

***वह करते हैं और जब आप उसमें अच्छा करते हैं तो अभिभावक खुश होते हैं कि मेरे बेटे ने किया तो अभिभावकों का भी दायित्व है कि बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों से इतर भी अन्य गतिविधियों जिनमें उनकी रुचि है उसमें उनकी सहभागिता तय की जाए।***

**********

निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत दावे और आपत्तियां दर्ज करने की समय सीमा को छः मार्च तक बढ़ा दिया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस विस्तार से मतदाताओं को अपने विवरण की जांच करने, सुधार करवाने और मतदाता सूची में पात्र नामों को शामिल करवाने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। अंतिम मतदाता सूची दस अप्रैल को जारी होगी।

***27 जनवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य के जो राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई थी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में और उसमें किसी दल द्वारा यह कहा गया कि समय बढ़ना चाहिए दावा आपत्ति का भी और नोटिस जारी होकर उसका जवाब लेने का भी और सभी दल इससे सहमत है और इसी क्रम में भारत निर्वाचन आयोग को एक अनुरोध हम लोगों ने किया था कि यह समय दावा आपत्ति का भी बढ़ा दिया जाए। 1 महीने का समय हमें और मिला उत्तर प्रदेश के लिए।***

श्री रिणवा ने कहा कि अब तक सोलह लाख से अधिक लोगों ने संशोधन से जुड़े आवेदन जमा किए हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराना सुनिश्चित करें।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बाद प्रदेश भर में चाइनीज मांझे के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गयी है। चाइनीज मांझे की बिक्री और भण्डारण न होने पाए, इसके लिये गोरखपुर सहित कई जिलों में कल से दुकानों की जांच का अभियान प्रारम्भ हो गया है।

**********

ओडिशा के चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज से कल रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन–डीआरडीओ ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि–थ्री का सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल पैंतीस सौ किलोमीटर दूर बैठे दुश्मनों को निशाना बनाने में सक्षम है।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस परीक्षा दो हजार चौबीस के साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी कर दिया है। साक्षात्कार सोलह फरवरी से बीस मार्च तक कुल तेइस तिथियों में आयोजित किये जायेंगे। पीसीएस के नौ सौ सैंतालीस पदों के लिये मुख्य परीक्षा में दो हजार सात सौ उन्नीस अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

**********

भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली कल से लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में शुरू हुयी। पहले दिन सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अन्तर्गत आने वाले प्रदेश के तेरह जिलों के लिये अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणी की भर्ती रैली हुयी। आज इन्हीं तेरह जिलों के लिये अग्निवीर क्लर्क–स्टोरकीपर टेक्निकल श्रेणी की भर्ती रैली होगी। औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोण्डा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ से लगभग तेरह हजार अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल हो रहे हैं।

**********

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ धाम में कल भगवान श्री गणेश के पूजन के साथ महाशिवरात्रि महोत्सव औपचारिक रूप से प्रारंभ हो गया। महाशिवरात्रि पर्व पर काशी विश्वनाथ धाम में इस वर्ष भगवान शिव के विवाह से जुड़े वस्त्र और श्रृंगार का सामान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा से काशी पहुंचेगा। महाशिवरात्रि के दिन बाबा विश्वनाथ का भव्य श्रृंगार इन वस्त्रों और आभूषणों से किया जाएगा।

**********

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश में हल्की से मध्यम गति की हवाओं के बीच मौसम सामान्य रहने का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार तीन दिनों के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना है।

**********